दिनांक–14.12.2025 समय–2.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री–जॉर्डन यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जॉर्डन के किंग अब्दुल्लाह द्वितीय बिन अल हुसैन के निमंत्रण पर कल से जॉर्डन की दो दिन की यात्रा पर रहेंगे। श्री मोदी की यह यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हो रही है। जॉर्डन 17 हजार पांच सौ से अधिक भारतीय मूल के लोगों का घर है। वे हाशमी साम्राज्य के आर्थिक और सामाजिक ताने–बाने का अभिन्न अंग बन चुके हैं। भारतीय मूल के लोग वस्त्र, निर्माण और विनिर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हैं और वे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण योगदान करते हैं।

सामूहिक विवाह

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज आगरमालवा में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

वहीं, मुख्यमंत्री ने आज इंदौर में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में सराफा विद्या निकेतन के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक पुस्तक का विमोचन किया और विद्यालय परिवार को अपनी शुभकामनाएँ दीं।

राष्ट्रपति– ऊर्जा सरंक्षण दिवस

आज ऊर्जा संरक्षण दिवस है। ऊर्जा दक्षता में राष्ट्र की उपलब्धियों को दर्शाने और ऊर्जा संरक्षण के महत्व को लेकर जागरुकता बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष आज के दिन यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार और ऊर्जा संरक्षण–2025 पर राष्ट्रीय चित्रकारी प्रतिस्पर्धा के विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि ...

प्रेस क्लब

पत्रकारिता की गरिमामयी परंपरा को सुदृढ़ करते हुए मध्य प्रदेश प्रेस क्लब आज, अपने स्थापना के 33 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भोपाल के रवीन्द्र भवन में भव्य 'मप्र रत्न अलंकरण एवं मध्य प्रदेश श्री सम्मान समारोह' का आयोजन कर रहा है, कार्यक्रम में विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर मौजूद रहेंगे।

तानसेन समारोह

ग्वालियर में, तानसेन संगीत समारोह की पूर्व संध्या पर आज रविवार को सायंकाल लगभग 6 बजे हजीरा स्थित इंटक मैदान में पारंपरिक रूप से पूर्वरंग "गमक" संगीत सभा सजेगी, जहाँ विश्व विख्यात पार्श्व, सूफी और शास्त्रीय संगीत गायिका जसपिंदर नरूला अपनी सूफियाना कलाम, भजन और गीतों से प्रस्तुति देंगी।

राज्य शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित यह निःशुल्क समारोह, शास्त्रीय संगीत के शीर्षस्थ महोत्सव का पूर्वाभ्यास है, जिसकी पहली मुख्य सभा कल तानसेन समाधि परिसर में सजेगी।

समाचार संक्षेप में –

- आगरमालवा जिले में आयोजित नेशनल लोक अदालत में 09 खंडपीठों के माध्यम से कुल 780 प्रकरणों में से 510 प्रकरणों का निराकरण हुआ।
- जबलपुर में रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत कुंडम क्रॉप प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा ग्राम चौरई में कोदो और कुटकी की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी प्रारंभ कर दी गई है।
- नर्मदापुरम जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन शुरू हो चुका है।

———————————